दैनिक जागरण 31/01/2025

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रखा दो मिनट का मौन

महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते जीमएन कालेज का स्टाफ व विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता●अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में वीरवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला कैंट के विद्यार्थी भी शामिल हुए। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने बिना किसी हिंसा के भारत को न केवल आजादी दिलवाई बल्कि भारत को एक नए राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। आज के समय में महात्मा गांधी जी के मूल्य एवं दर्शन का बहुत ही ज्यादा महत्व है। इस मौके पर डा. धर्मवीर सैनी, एसएस नैन, एसके पांडे, एसके बाठला, डा. कुलदीप यादव, डाक्टर मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी, डा. दीपक कुमार, डा. मंजीत कौर, डा. अनुपम शिहाग आदि मौजूद रहे।